[श्री उपसभापति]

कागजात को देख कर कोई भी उदाहरण नहीं दे सकते कि आपने नोटिस इन प्वाइट आफ टाइम दिया हो और आप का नाम पीछे रखा गया हो। आप दफ्तर में आ कर उस फाइल को देखिये और बताइये। मेरे सामने आइये, मैं आपको दिखा दूंगा।

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं बता रहा हूं बाढ़ के नोटिस के बारे में।

**श्री उपसभापति :** आप दफ्तर में आइये न।

**श्री शिव चन्द्र झा :** मैं दफ्तर में कहां आऊं ?

**श्री उपसभापति :** सदन में तो इतना काम नहीं हो सकता।

**श्री रामेश्वर सिंह :** मैं सदन के समय का ध्यान रखता हूं और उसको बर्बाद नहीं करना चाहता।

**श्री उपसभापति :** आप दोहराइये नहीं। मिस्टर प्रधान।

**श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** (मध्य प्रदेश) : मेरा प्वांइट आफ आर्डर है।

**श्री शिव चन्द्र झा :** वह प्वांइट आफ आर्डर उठा रहे हैं।

**श्री उपसभापति :** श्री प्रधान ...

*{Interruptions).* Just a moment. Now Mr. Pradhan to lay the Reports of the Public Accounts Committee.

## REPORTS OF PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

SHRI PATITPABAN PRADHAN {Orissa): Mr, 'Deputy Chairman, Sir, i beg to lay on the Table a copy each (in English and Hindi) of the following Reports of the Public Ac-

(i) Fifty-Seventh Report on Excesses over Voted Grants and charged Appropriations disclosed in the Appropriation Accounts (Civil), (Defence-Services), (Posts & Telegraphs) and (Railways) for the year 1979-80.

(ii) Thirty-Fifth Report on action taken by Government on the recommendations contained in the 119th Report (Sixth Lok Sabha) on Defence Services.

**श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** (मध्य प्रदेश) मैंने एक कालिंग अटेंशन दिया था तीन, चार दिन पहले, 25 तारीख को और मेरा एक ही कालिंग अटेंशन था। आप ने कहा कि ऐसा नहीं होता, जिस का समय से आता है उसका लिया जाता है। मेरा कालिंग अटेंशन नामंजूर हुआ है। वह महामहिम राष्ट्रपति को आ कर मध्य प्रदेश के 50 से अधिक संसद् सदस्यों और विधायकों ने दिया है अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल के खिलाफ और उन की भ्रष्टाचार की कार्यवाहियों के संबंध में ज्ञापन दिया है।

**श्री उपसभापति :** यह जरूरी नहीं है कि कालिंग अटेंशन जो आप ने दिया है मंजूर हो ही जाये। मिस्टर गोपालसामी।

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Student unrest and problems faced by some centrally-sponsored Universities with particular reference *** reporter strike by Teachers of Banaras Hindu University

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu). Mr. Deputy Chairman, Sir, I call the attention of the Minister of Education and Social Welfare to the student unrest snd the problems faced by some of the Centrally-sponsored universities with particular reference to the reported strike by

teachers of the Banaras Hindu University and the steps taken by Government to improve the situation.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTERIES OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE (SHRIMATI SHEILA KAUL): Mr. Deputy Chairman, Sir, as the House is aware, student unrest is a countrywide phenomenon and not restricted to any particular University. Our higher education system consists of 112 Universities and over 4500 Colleges. There are over 26 lakh students studying in these Universities and Colleges. The entire system is managed and maintained by a number of agencies including the Central Government, the State Governments and a very large number of private managementSj and no single authority is exclusively responsible.

Owing to several reasons, the student unrest has no doubt assumed importance. In many of these cases the causes of agitation are purely non_ academic like agitation against price rise, rise in bus fare, demand for nationalisation of education etc. In other cases the issues behind the agitation are of a purely local character.

So far as the Central Universities are concerned, there is at present no student unrest in any one of them except to some extent in the Aligarh Muslim University, which, however, has reopened on 17th August, 1981, and is functioning with substantial attendance.

The Central Universities do have problems from time to time and the University authorities try to find solutions, in consultation with the University Grants Commission. But there is no problem at present of such a magnitude as to justify Central Government's intervention. Recently there was a case of robbery in a teacher's flat in the campus of Banaras Hindu University on the night of 16th August, 1981. Although the matter was reported to the police who are investigating, the teachers of the University felt strongly about the incident particularly because there was a similar incident of robbery during 1980 followed by chain snatching incidents, and decided to go on indefinite strike from 19th August, 1981 onwards in protest against the alleged inadequate security measures for protection of life and property of the campus residents.

The University authorities held negotiations with the teachers and also with the local authorities for providing adequate security. I am glad *• inform the House that the strike of teachers of Banaras Hindu University was withdrawn at 3.00 P.M. on 27th August, 1981 as per the message received from the authorities of the University.

SHRI V. GOPALSAMY: Sir, the problem of student unrest is the most serious problem of our country which draws the attention of all politicians, academicians and scholars throughout the world. To some honourable Members this problem may not look serious. This is a more serious problem than even the law and order problem of our country. With a heavy heart I say that the universities which were established with noble ideals, particularly the Centrally-Sponsored universities, have become cesspools of campus unrest, incompetence and academic anaemia. Since the first universities were started in 1857 in Bombay, Calcutta and Madras, we have come a long way and now we are having more than 111 universities in our country. As far as the Jawaharlal Nehru University is concerned, it was established for the ideals which were cherished by the great Jawaharlal Nehru. This university was established on the model of Sussex University in London and the Australian National University. Likewise, the Banaras Hindu University was also established by Pandit Malaviya and other great men, to revive the glory of ancient India.

[Shri V. Gopalsamy} Similarly, the Aligarh Muslim University was established by Syed Ahmed Khan. But everyday we see alarming news in the newspapers, throughout the year, and universities are closed for more than 200 days in a year. Campus violence has become the order of the day. In Delhi particularly the elections of the students unions which should take place inside the campus have been dragged to the streets. There is a poster war throughout the city of Delhi. Today is the polling day and it is feared that there is violence. I only wish that when I am speaking here in the House nothing untoward takes place outside. Last year there was brutal violence in Delhi. One student was killed and another was stabbed. What should be the solution to this problem? For finding out solution to this problem what should we do? It is in this context that I had tabled this Motion.

As the hon. Minister said student unrest is an age-old and well-known phenomenon. Even during the days of Socrates, in the year 329 before Christ, he had written about students that they loved luxury, some of them had no discipline, they did not obey their parents and they tyrannised teachers. Patanjali in his 'Maha-bhashya' in 200 B. C. had also mentioned about students. The late fifties witnessed the upsurge of student movements throughout the world and the bravery of students. We cannot forget in our country the role of student movements during the freedom struggle. Student unrest has been there throughout the world and particularly Greece, France, Italy, Brazil. United States and other countries are facing this problem. But at the same time we cannot escape by attributing indiscipline to students; we cannot escape by saying that students have no morals. Student power is a potential force. Freud called this age, the teenage, as the leturn of repression. This student force could be directed and channelised in proper direction. The student force can be channelised in the right direction. Students could carry on a crusade against caste system which cannot coexist with democracy. They could carry on a war against superstitution which cannot coexist with science . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please come to the subject.

SHRI V. GOPALSAMY: What is the reason for this student unrest in our country, in the unversities? The reason can be traced to the dogmas injected by teachers, by faculty members, by Professors and particularly teacher politicians. Teacher politician is a great problem in all universities. Teachers may take part in politics outside. They can be members of pilitical parties, we do not mind. But they should not inject through the syllabus their ideologies into the minds of students to further their own ends. That is the greatest problem. I would like to draw the attention of the Government to some of the history books which have been recommended for university education and which heive not been recommended. Some books have been recommended while some others have not been recommended. Books by liberal historians like S. N. Sen, Tara Chand, S. R. Mehrotra and K. M. Munshj have been culled out while books by Rajni Palm Dutt and A. R. Desai have been retained. What have these' people written in their books which have been recommended? It is a very serious problem. The Father of the Nation, Mahatma Gandhi, has been mentioned in those books. And this is prescribed as syllabus for history students. What have they written about Mahatma Gandhi? I quote only one paragraph. This is what it says:

> "Non-violence of Gandhiji is revealed as only in reality a cover, conscious or unconscious, for class interests and the maintenance of exploitation."

This is by Rajhi Palm Dutt. Mr. A. R. Desai in his book says:

> "The texture of Gandhiji's consciousness is essentially bourgeois and, therefore, his nationalism was governed by a bourgeois class outlook."

Sir, they are entitled to have their own ideologies and philosophies. But to inject the same ideologies into the syllabus to further their own political interests or ends is objectionable. This will definitely demoralise the student community and here the problem starts. So, what should be done? The teacher-politician should be controlled. (Time *bell rings).* There is another serious problem to which I would like to draw the atten tion of the Government. You ap pointed a Committee to go into the violence which took place during the students' Union elections last year. The Khosla Committee gave a report and, in that Report, he specifically suggested that monetary aid from outside for the students, who con test the elections or their supporters, should be completely stopped. If there is any proof that any student has received monetary aid, discipli nary action should be taken against him and he should be expelled. I would like to know from the Gov ernment what action has been taken on this suggestion. *(Time bell rings).* Sir, three Commissions submitted their reports, the Kothari Commis sion, the Mudaliar Commis sion and the Gajendragadkar Commission. Ponderous reports they submitted. What action you have taken on those reports? Then. Sir, with regard to the Jawaharlal Nehru University particularly, I would like to know from the honourable Minis ter whether it is a fact that 38 faculty appointments have been made so far without any recommendation from an appropriate selection committee which is in utter violation of the statutory rules, section 26(a) of the Jawaharlal Nehru University Act of 1966. T would also like to know from the honourable Minister when thase vacancies would be filled in the Executive Council. Also, Sir, I would like to point out that today's newspapers have published the findings of the Jha Committee. *(.Time bell rings).* Sir, this is very important. This Committee was appointed under the chairmanship of Mr. Jha.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is all right.

SHRI V. GOPALSAMY: This five-member Committee was appointed to study the working of the Jawaharlal Nehru University and also to make suggestions for the improvement in the working of the University. But, Sir, the Committee has submitted its Report and I am having the Report of that Committee here and I would like to quote only the concluding paragraph of that Report. I quote:

> "The Committee is convinced that is not possible for it to perform the task assigned to it in the prevailing atmosphere and environment characterised by indifference, lack of concern and apathy. Considering the magnitude and variety of challenges which the University faces in the prevailing atmosphere, the Committee feels that some hard decisions by appropriate authorities are necessary to remedy the situation and to enable the University to fulfil its statutory mandate effectively."

Sir, what is the Government going to do? *(Time bell rings),* are you going to appoint a full-fledged Committee? Already, Sir, 160 Members of Parliament have submitted a memorandum to the President to appoint a full-fledged Inquiry Committee. What happened to that memo, randum?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is all right. This will do.

SHRI V. GOPALSAMY: I am also one of the signatories to the memorandum. 160 Members of Parliament have sent that memorandum to the President.

j MR. DEPUTY CHAIRMAN: That 'will do.

SHRI V. G®PALSAMY: Even Members from the Congress (I) have signed that memorandum.

MR. DEPUTY CHAIRMAN; That is enough.

SHRI V. GOPALSAMY. What are you going to do about it? The Jha Committee has already said that it has no power and that it cannot do anything.

MR, DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Gopalsamy, that is enough . . .

SHRI V. GOPALSAMY: What are you going to do about it? This problem is very serious, Sir, and I would like to know from the honourable Minister whether they are going, to appoint a full-fledged Inquiry Committee . ". .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That will do.

SHRI V. GOPALSAMY: ... to go into the problems of the Jawahar-lal Nehru University.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes. That will do now. Yes; the Minister now.

SHRIMATI SHEILA KAUL; Sir, I would like to suggest- one thing. Let all the speakers speak first and then I will reply.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. One by one only they will speak and you will have to reply to the Members one by one.

SHRIMATI SHEILA KAUL: I thought it would be better if all the Members speak first.

SHRI V. GOPALSAMY: No, Sir. I have to get the replies to my points first.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Just wait, Mr. Gopalsamy. Yes, Mrs. Kaul, kindly reply to the points- which are relevant to this "Motion.

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, it is a fact that in November 1980, there were agitations in the Jawaharlal Nehru University against an order of expulsion from the University hostel of a student on charges of misbehaviour and, following this, the students agitated against the suspension which led to the closure of the University from 16th November, 1980 onwards and the winter vacations were also advanced. The University reopened on the 5th June, 1981, and is functioning normally thereafter. There was no regular Vice-Chancellor in the Jawaharlal Nehur University from 14th October, 1980 to 11th June, 1981 when . . .

SHRI V. GOPALSAMY; Mr. Nayudamma was appointed.

SHRIMATI SHEILA KAUL: . . . Dr. Nayudamma took over as the Vice-Chancellor. As I have mentioned, the Jawaharlal Nehru University is functioning. The Aligarh Muslim University which was closed for 30 days, plus 52 days has started functioning. The Banaras Hindu University has also started functioning after the summer holidays. And, as you have mentioned about the teachers' qualifications, I think it is a very good suggestion. The teachers may have their own viewpoints, of different ideologies, but that should not be asserted or given weightage in the class rooms. And, we do feel that the student force is a very big force and it has always played a very important role in so many different countries whenever they wanted to do something for their own country. Indeed Rajni Palme Dutt has been derogatory to our. great leader, Mahatma Gandhi. I am greatly concerned that this should be there. About the MPs' Memorandum to the Visitor of the Delhi University, it is being examined. Further decision will be taken in the Committee on Jawaharlal Nehru University.

SHRI V. GOPALSAMY: The Minister has not replied to all of my questions. *1* asked the question whether it is a fact that 38 Faculty Members were appointed without any proner selection . . .

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Gopalsamy, you cannot ask any details and . . .

SHRI V. GOPALSAMY: Also, about the Khosla Committee recommendations I have put a question, relevant question. . . *(Interruptions).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN; It is a general question . . . *(Interruptions)* You cannot ask for details. *(Interruptions)*.

SHRI V. GOPALSAMY: If the hon. Minister says that she will collect the information, it will be all right.

SHRIMATI SHEILA KAUL: I will collect the information. I do not want to give wrong information. I would collect ... *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You cannot ask for details. (Interrup- *tions).*

SHRI PATITPABAN PRADHAN (Orissa): Please do not defend her so much *(Interruptions).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN. ,Ask questions which the Government can reply. Mr. Jha.

**श्री शिव चन्द्र झा** (बिहार) : उप-सभापति महोदय, मंत्री महोदया ने चाहे जैसे ही कबूल किया है कि स्टुडेंट अनरेस्ट जो है वह सारे देश में व्यापक है और फैला हुआ है लेकिन क्या वजह है कि स्टुडेंट ही नहीं बल्कि अध्यापकों में भी असंतोष है । यह असंतोष उनमें भी है जैसे कि वाइस-चांसलर वर्सिस एडमिनिस्ट्रेशन, एडमिनिस्ट्रेटर वर्सिस टीचर्ज और टीचर्ज वर्सिस स्टुडेंट । सारा शिक्षा का जो क्षेत्र है इज इन ए मैस । यह बिल्कुल चौपट है । उसी तरह से जैसे रेल मंत्रालय । प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल मंत्रालय चौपट है उसी तरह से उनको यह भी कह देना चाहिए कि शिक्षा मंत्रालय भी चौपट है । बहुत दुख होता है । हम लोग भी विद्यार्थी थे । लेकिन जो एक गलत दृष्टिकोण फैलाया जा रहा है सरकार की तरफ से भी, और हो सकता है विरोधियों की तरफ से भी, वह गलत दृष्टिकोण है कि छात्रों को राजनीति में भाग नहीं लेना चाहिए । मैं इस का पुरजोर विरोध करता हूं, मैं यह नहीं चाहता । यह इम्मैसकुलेट करने का तरीका है विद्यार्थियों और छात्रों को नपुंसक बनाने का तरीका है । छात्रों को राजनीति में . . .

**श्री उपसभापति** : झा जी इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : लेकिन राजनीति हो तो कैसी हो । क्या जातीयता की राजनीति हो, क्या साम्प्रदायिकता की राजनीति हो . . . क्या फेवरेटिज्म के लिए चमचागिरी की राजनीति— नहीं समाज बनाने की राजनीति । हमें याद है, अहमद नगर जेल से जब पं० जवाहरलाल निकले थे मार्च-अप्रैल, 1945 में, एक आवाज उन्होंने दी कि 1942 में जो हुआ, वह रिहर्सल हुआ, ड्रामा आने वाले दिनों में होने वाला है, तैयार हो जाओ । पं० जवाहरलाल के एक शब्द पर सारा देश तैयार हो गया कि हम इस बार अंग्रेजी राज की ईंट-ईंट उखाड़ देंगे ।

पटना, जहां पर हम लोग थे, एकदम साफ वातावरण एक शब्द पर छा जाता था । जवाहरलाल जब पटना आते थे, हम लोग उनका स्वागत करने के लिए स्टेशन पर आते थे, वह भी जमाना था । यही अगस्त का महीना, 9 अगस्त 1942 में जो हुआ, छात्रों ने जो किया, उस पर हमें नाज है । आज जो छात्र असम में कर रहे हैं, या दूसरी

[श्री शिव चन्द्र झा]

जगह पर कर रहे हैं, उनके जोश पर हमें नाज है। लेकिन शायद दिशा ठीक नहीं रखी जाती है। यहीं गड़बड़ी है।

तो छात्रों को राजनीति में भाग नहीं लेना चाहिए, यह दृष्टिकोण चौपट हैं, गलत दृष्टिकोण है। भाग लेना चाहिए क्योंकि राजनीति हमारे समाज का एक अंग है और रहने वाला है।

अब सवाल है, टीचरों में असंतोष है। हाल ही में दिल्ली में टीचर्स का डिमांस्ट्रेशन हुआ था, उनकी पेंशन के बारे में और सैलरी और दूसरी सुविधाओं के बारे में। उसके ऊपर भी कोई नेशनल नीति नहीं बनाई गई है।

यहां टैक्स्ट बुक्स की बातें उठाई गई हैं। पहले तो माध्यम की बात--पढ़ाने में इस देश में अभी भी अंग्रेजी को ढो रहे हैं। आपकी राजभाषा हिंदी में पढ़ाने की व्यवस्था अभी भी नहीं हो रही है। यदि कहीं-कहीं है, तो हमारे सामने उदाहरण है कि टैक्स्ट-बुक्स नहीं हैं, लिखने वाले नहीं हैं। यू० जी० सी० का आज यूनिवर्सिटीज और कालेजेज के साथ कोई समन्वय नहीं होता...

**श्री उपसभापति** : वह प्रश्न नहीं है।

**श्री शिव चन्द्र झा** : तो बड़े अड्डे हैं। केन्द्रीय स्पांसर्ड यूनिवर्सिटी में--बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी--बनारस यूनिवर्सिटी के बारे में इन्होंने कहा--वहां प्राक्टर जो है, एडमिनिस्ट्रेटर, वे लोग टक-टक देखते रहे जब अग्रवाल का घर लुटा, तब पुलिस वहां टक-टक देखती रही, व्यवस्था बिल्कुल ठप्प थी। जब वहां यह सब हो रहा था तो पुलिस और जो एडमिनिस्ट्रेटर हैं, वे बिलकुल शिथिल।

यह देखिये बनारस का "आज"--25 तारीख का है, प्रशासनिक शिथिलता के विरोध में....

**श्री उपसभापति** : वह तो हो गया।

**श्री शिव चन्द्र झा** : यह हो गया। फिर 26 में भी है--विश्वविद्यालय की हड़ताल। इन्होंने कहा है कि हड़ताल हट गई, यह बात है। अब अलीगढ़ में इरफान हबीब को सस्पैंड किया गया, इसलिए कि वह सैक्यूलर-माइंडेड, नेशनलिस्ट था, प्रोफेसर रहा है, उसकी रचनाएं मैंने पढ़ी हैं, वह इण्टरनेशनल रिप्यूट का प्रोफेसर है।

उपसभापति जी, यह पत्रिका मेरे पास है। उसमें के० एन० राज, जो आपकी दिल्ली यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर भी रहे हैं, उनका एक खास आर्टिकल है "इरफान हबीब और बेसिक इशूज"। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर स्वामी के अनुसार इरफान हबीब के साथ जो हुआ है, वह बिलकुल अन्याय हुआ है। वाइस-चांसलर ने उसको वहां से निकाल करके बाहर कर दिया है क्योंकि वह सैक्यूलर माइंडेड था और वहां कम्यूनल एलिमैंटस हैं जो यही चाहते हैं। तो यह फैसला एक कम्यूनल हो जाता है। यह भी हम लोगों का अपना तजुर्बा है कि मौलाना आजाद के लिए हमें लड़ना पड़ा था, जिन्ना एलिमैंट से पटना कालेज में। मौलाना आजाद क्यों रहे गांधी जी के साथ, कौन सैक्यूलर है और कौन कम्यूनल है ? जिन्ना और जिन्ना एलिमैंट से हमें लड़ना पड़ा था। ऐसे कम्यूनल एलिमैंटस...

**श्री उपसभापति** : अब समाप्त कीजिए।

**श्री शिव चन्द्र झा** : अलीगढ़ यूनिवर्सिटी, बनारस यूनिवर्सिटी और दूसरी यूनिवर्सिटीज में भी हैं जो सारे वातावरण को बिगाड़ रहे हैं। सरकार इन सब बातों पर गौर नहीं कर रही है और खास करके अलीगढ़ और...

**श्री उपसभापति :** हो गई बात ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** बनारस यूनिवर्सिटी में जो है, उसमें एक बड़ी बात है कि दोनों नाम जो हैं, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, यह दोनों आऊट-आफडेट नाम हो गये हैं। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी का नाम मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी कर दिया जाए, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का नाम सैयद अहमद खान यूनिवर्सिटी कर दिया जाए जैसे जवाहरलाल यूनिवर्सिटी है, रोजवैल्ट यूनिवर्सिटी और लिंकन यूनिवर्सिटी अमरीका में है--"व्यक्ति के नाम पर हो सकती है।" उसमें कम्यूनलिज्म की बू आ जाती है। हमारा समाज जो विभक्त है इसको रोकना चाहिए । मैं एक और उदाहरण देता हूं, मुजफ्फरपुर बिहार का है। वहां एक कालेज है उपसभापति महोदय, जिसका पहले नाम था जी० बी० बी० कालेज, गिलदयाल ब्रह्म्ण कालेज । अब अनुग्रह बाबू के हाथ में बागडोर आई, उन्होंने देखा देश आजाद हो गया, इस तरह का नाम ठीक नहीं होता है, तो उन लोगों ने जो उसके संस्थापक थे लन्गट सिंह कालेज नाम रख दिया, बावजूद पुराने नाम के । एक नये दृष्टिकोण से नाम को बदलना होगा । बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम में जो कम्यूनल टिन्ज है...

**श्री उपसभापति :** समाप्त करिए ।

**श्री शिव चन्द्र झा** : अब मेरा सवाल है...

**श्री उपसभापति :** सवाल हो गये ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** नम्बर एक शिक्षा को लेकर, टैक्स्टबुक को लेकर पढ़ाने के माध्यम से कोई कर्फैक्ट शिक्षा की नेशनल नीति हो, राष्ट्रीय नीति हो । अभी तक आपकी नीति नहीं है ...

**श्री उपसभापति :** समाप्त करिए ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** दूसरे, क्या इन दो विश्वविद्यालयों का नाम आप बदलेंगे...

**श्री उपसभापति :** क्यों आप दुहरा रहे हैं ? **(समय की घंटी)**

**श्री शिव चन्द्र झा :** तीसरा, इरफान हबीब को रीइंस्टेट किया जाए और अलीगढ़ युनिवर्सिटी की पूरी जांच हो । वह उसका वाइस चांसलर नहीं हो इसकी क्या वजह है ( **समय की घंटी**)... काहे घंटी बजाते हैं । आप से ज्यादा समय का मुझे ख्याल है । सारा समय आप बरबाद करते हैं । आप सुनते नहीं हैं ।

**श्री उपसभापति :** समय इतना नहीं है सुनने का । आप दुहरा रहे हैं । समाप्त कीजिए । बार-बार उसी क्वेश्चन को दुहराते हैं । एक बार भाषण करते हैं फिर उसी बात को कहने लगते हैं ।

**श्री शिव चन्द्र झा :** चौथा और आखिरी सवाल है, पीपुल्स पार्टिसिपेशन की बात होती है हर जगह । स्टूडेंट्स को एडमिनिस्ट्रेशन में इनवाल्व कीजिए । उनका पार्टिसिपेशन होना चाहिए प्रशिक्षण प्रशासन की व्यवस्था को चलाने के लि. । ये चार सवाल हैं । मंत्री महोदय, एक-एक करके उनका जवाब दें ।

**श्री उपसभापति :** इस तरह से टाइम लेंगे तो कैसे कार्यवाही चलेगी ? आपने एक बार सवाल करने से पहले प्रस्तावना की और फिर सवाल किया और फिर दुहराया । इतना टाइम इसमें नहीं लिया जा सकता । 5 मिनट तक टाइम ले सकते हैं ।

SHRI HAREKRUSHNA MALLICK (Orissa): It is very strange that the Chair takes more time than the speakers. We are not criticising the Government or the Minister. We all want her to improve education. How can the Chair intervene like this?

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, the hon. Member, Mr. Jha, has just now asked whether there is a national policy. As you know, Sir, after the Kothari Commission, a national policy was drawn up. Sir, the hon Member has also suggested that *the* names of the Banaras Hindu University and the Aligarh Muslim University should be changed. No such thing is under the consideration of the Government. About Prof. Irfan Habib's statement, I would like to say that Prof, Irfan Habib was suspended not because of his expression in a-newspaper but because of his unbecoming behaviour in a meeting. And. this is what I have to say on this. About the teachers' problems, Sir, we have received a memorandum from the Teachers' Association, and most of -the problems have to be dealt with by the UGC and we will keep an eye on what is happening. The Government had also accepted the .., (*Interruptions).*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please continue.

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, J should, be obliged if a chance is given to me to express myself because the hon. Member wants to know something and I have, to reply. Sir, .the Government have accepted the recommendations of the Gajendragadkar Committee • which recommended limited participation of students on the courts.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Reddy, will you ask something.

**श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी** (आंध्र प्रदेश) : डिपुटी चेयरमैन साहब, आम बात है कि देश के हर कोने में, हर यूनिवर्सिटी में, हर एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन में कुछ गड़बड़ है, या तो स्ट्राइक है टीचरों में, तुलबा में या फिर कम्युनल बेसिस पर कुछ गड़बड़ है । यह वाकया हर वक्त हम देखते आ रहे हैं । हर रोज यह पेपरों में आता है । देश में कम्युनिटी की बेसिस पर हिन्दू इंस्टीट्यूशन्स हैं, मुस्लिम इंस्टीट्यूशन्स हैं, हिन्दू कालेज हैं, सिख कालेज हैं, क्रिश्चियन कालेज हैं । खासकर हम देखते हैं कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, बनारस यूनिवर्सिटी में हमेशा साल में छ : महीने बन्द रहती हैं । क्रिश्चियन इंस्टीट्यूशन्स मे अनरेस्ट कम होता है । भारत सरकार इस स्थिति को रोकने के लिए क्या इन्तजाम कर रही है । जैसा मेरे साथी ने कहा, जो तालीमी इदारे ऐसे हैं जिन के नाम कम्युनिटी के नाम पर या कम्युनल कलर देने वाले हैं क्या सरकार उन के नाम बदलने की सोच रही है । इस के बारे में सरकार को कोई राय बनानी चाहिए । जैसा मेरे साथी झा जी ने कहा, अच्छा होता अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को सैयद अहमद यूनिवर्सिटी के नाम से पुकारते । उसी तरह से अच्छा होता अगर बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी को मदनमोहन मालवीय यूनिवर्सिटी के नाम से पुकारते । मेरे कहने का मतलब यह है कि देश के अन्दर ऐसा वातावरण पैदा करिए जिस से देश में एकता हो, देश में कम्युनल रूप या कम्युनल कलर देने का कोई मौका न हो । कभी-कभी विद्यार्थी या टीचर कहते हैं कि यह हमारे मजहब के खिलाफ पड़ता है । आज हम देखते हैं कि जो किताबें कालेजों, स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं उन में भी कम्युनल कलर देने की कोशिश की जा रही है । मैं सरकार से चाहूंगा कि सारे कालेज, इंस्टीट्यूशन्स को किसी कम्युनिटी के नाम से खोलने की इजाजत न दी जाय, कोई ऐसी किताब न हो जिस से कम्युनल फीलिंग्स उस किताब के जरिए स्टूडेंट्स के मन में, तुलबा के मन में आयें । क्या सरकार के पास ऐसी योजना है कि देश के अन्दर रियल सेक्युलरिज्म लायें ताकि देश की जनता एक राह पर आ सके । बुनियादी तालीम को इस ढंग से देने की कोई योजना सरकार की है या नहीं ? जब तक सरकर की तरफ से कोई ठीक योजना नहीं बनेगी बाकी सब काम फल्योर ही रहेंगे । जैसा मंत्री महोदय ने कहा, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में कल हड़ताल खत्म हो गयी । हो सकता है कि तीन-चार महीने के बाद हड़ताल फिर से हो । इसी तरह अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी कई महीने के बाद खुल गयी, फिर

कुछ समय के बाद हड़ताल हो सकती है अभी प्रोफेसर हबीब के नाम पर हुआ, फिर और किसी के नाम पर हो सकता है । यह सही है कि प्रो० हबीब सेक्युलर माइन्डेड प्रोफेसर हैं । उन्होंने कोई ऐसी गलती नहीं की जिस के कारण उन्हें सस्पेंड किया गया। उन्होंने जो विचारधारा रखी वह यूनिवर्सिटी को ठीक ढंग पर लाने के लिए और देश को आगे बढ़ाने के लिए रखी। जो अनरेस्ट मुस्लिम यूनिवर्सिटी में हैं उस के कुछ वजूहात हैं। मंत्री महोदय ने कहा कि स्टूडेंटस तो नान- एकेडेमिक प्राबलम्स को ले कर भी हड़ताल करते हैं । प्राइसेज को लेकर जरूर करते हैं क्योंकि उन को किताबों का सवाल है । जब गेहूं, चावल और दूसरी चीजों के भाव बढ़ जाते हैं तो उन के ऊपर भी एफेक्ट होता है । उनको किताबें खरीदनी हैं, कालेज की फीस देनी है, उनको घर से यूनिवर्सिटी को आना पड़ता है, वह फेयर देना पड़ता है, टक्सी का किराया देना पड़ता है । तो इस सब का उन की लाइफ पर असर पड़ता है और वह एजीटेशन करेंगे इस के बारे में । इस के लिए तो सोल्यूशन ढूढ़ना पड़ेगा ताकि तुलबा हड़ताल में न जायें। उन के लिए जितनी भी सहूलियतें चाहिए किताबों के रूप में, तालीम को ठीक करने के रूप में, उन के लिए सरकार को सोचना चाहिए । तुलबा के जो मसले हैं, और उन मसलों को लेकर यूनिवर्सिटी में, कालेजों में या स्कूलों में जो हड़तालें हो रही हैं, उन मसलों को हल करने के लिए सरकार कौन सी तजवीज कर रही है ? इस के बारे में बताइये ।

**श्रीमती शीला कौल** : मान्यवर, यह जो अभी आनरेबिल मेम्बर ने जिक्र किया है कि क्या हमारे पास कोई योजना है कि जो कम्युनलिज्म और दूसरे इज्म हैं उन के बारे में जो वायस्ड किताबें हैं उन पर कोई रोक लगायी जाय तो उस के लिये हम सोच रहे हैं और मैं बताना चाहती हूं कि यूनिवर्सिटी लेबिल पर जो किताबें दी जाती हैं उन के बारे में ही नहीं बल्कि हम पूरे देश के लेबिल पर सोच रहे हैं कि इस काम को शुरू करें और सरकार ने इंस्ट्रक्शन्स दिये हैं कि जहां भी ऐसी किताबें हों उन में से ऐसे पैसेजेज को हटा दिया जाय। इस के लिये एक कमेटी भी बनायी गयी है कि जो देख रही है कि ऐसे ख्यालात जो हैं कि जिन से आपस में एक दूसरे के लिये एनामिसिटी हो उन को हटा दिया जाय और हिस्ट्री में या लैंग्वेज में भी जो ऐसी बातें हैं उनके लिये भी वह कार्यवाही करेगी । आपको यह जानकर खुशी होगी कि हम इस विषय पर ध्यान दे रहे हैं । और जो हमारे बच्चे हैं उनको जो महंगाई से तकलीफ हो रही है, वह ठीक है लेकिन मैं बताना चाहती हूं कि यह महंगाई खाली हमारे देश में ही नहीं है, लेकिन यह ठीक है कि महंगाई बढ़ने से हमारे लोगों की तकलीफ होती है, लेकिन आज यह एक दुनिया का फेनामिनन है । आप देखें कि आज दुनियां में कितनी महंगाई हो रही है और उस के मुकाबले आप को मालूम होगा कि हमारा देश बहुत अच्छा है, गरीब निवाज है, काफी अच्छा है । इस लिये इसको हम सब को मिल कर देखना चाहिए कि किस तरह से हमारी कीमतें बढ़ रही हैं उनको हम अरेस्ट करें । अगर हम इस का कुछ इंतजाम करेंगे तो हमारे बच्चों को इसका फायदा होगा । तो यह बात जरूर है कि हम को बढ़ते हुए दामों को रोकना और जो किताबों का जिक्र किया गया है एन सी इ आर टी जो स्कूलों के लिये काम करता है वह इस को देख रहा है और स्कूल में किताबें मिल रही हैं ।

**श्री जगन्नाथराव जोशी** (दिल्ली) : उपसभापति जी, आजादी के उपरांत यदि किसी विषय पर बड़ी गंभीरता से दुर्लक्ष्य किया गया है तो वह शिक्षा का विषय है और इस का सबूत यह है कि 33 साल होने के उपरांत भी किस माध्यम से शिक्षा दी जाय इस नतीजे पर भी अभी हम नहीं पहुंचे हैं और मंत्री महोदया ने जो वर्णन किया शिक्षा के क्षेत्र में असंतोष का, उस के कारण यदि एकेडेमिक नहीं हैं लेकिन बाहर जो अराजकता सारे वायुमंडल में है उससे वह बच नहीं सकते । और उस का

[श्री जगन्नाथराव जोशी]

परिणाम उन पर भी होता है। इस लिये मैं समझता हूं कि यह जिम्मेदारी हमारे ऊपर भी आती है। जितना हम खुद को अनुशासित रखने की कोशिश करेंगे इतनी मात्रा में उस का एक प्रतिबिम्ब अन्य सारे क्षेत्रों में होगा और शिक्षा के क्षेत्र में जरूर होगा। हमारे जैसे लोग यदि लड़ाई झगड़ा करते रहें, अनुशासनहीनता करते रहें तो हम कितना ही लोगों को अनुशासित करने का प्रयत्न करते रहें उससे अनुशासन आयेगा नहीं। इस लिये इस को कुछ जिम्मेदारी हमारी भी है। इस तरफ हम ध्यान दें। आप जानते हैं कि यह केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का सवाल है जिन के बारे में सभी लोगों की जिम्मेदारी आ जाती है। काशी का विश्वविद्यालय है, अलीगढ़ का है और दिल्ली का भी है और यह तो बिलकुल नजदीक का है और हर जगह का वातावरण कई कारणों से अलग-अलग है। इसलिए एक ही मसला लेकर या कोई एक ही सुझाव के आधार पर यह हल नहीं होगा। जैसा अभी-अभी कहा गया बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के अन्दर वहां के अध्यापकों ने हड़ताल की। वहां जो चोरियां हो गई जिनकी तरफ वह ध्यान दिलाना चाहते हैं, जिससे उनके मन में एक अविश्वास का वातावरण पैदा हो गया। कल भी मेरे सहयोगी श्री कलराज मिश्र ने यह ध्यान आकृष्ट करने के लिए स्पेशल मेंशन के रूप में बताया था कि कुछ अपराधी तत्वों को वहां पनाह मिलती है, कई जगह तो पकड़े भी गये हैं, लेकिन पुलिस वालों के होते हुए भी चोरियां होती हैं और कार्यवाही नहीं की जाती है तो स्वाभाविक है कि उनके मन में एक अविश्वास पैदा हो। तो आज आवश्यकता इस बात की है कि अध्यापकों को, उनको अपने अध्यापन का काम करना है, विद्यार्थियों को सुसंस्कृत बनाना है, समाज का काम करने के लिए सक्षम बनाना है, उनके मन में विश्वास की भावना पैदा करना है, यह आप कैसे कर सकते हैं? यह वहां के स्थानीय लोग जो हैं, उत्तर प्रदेश की सरकार के साथ बैठकर तय करना होगा, यह महत्वपूर्ण बात है।

जहां तक अलीगढ़ का सवाल है, यह बहुत पुराना सवाल है। जैसे बनारस का सवाल है वह अलग है, अलीगढ़ का अलग है तो वहां बार-बार झगड़ा होता है, उसके माइनारिटी करेक्टर को कायम कैसे रखा जाए, इसी बात को लेकर वहां झगड़ा खड़ा होता है। अगर हमको इन सवालों को हल करना है तो कुछ नीतियां तय करनी होंगी चाहे वह यूनिवर्सिटी यहां की हो, वहां की हो और किसी प्रदेश की हो। इस दृष्टि से मुझे लगता है कि प्रधान मंत्री जी का ऐजुकेशन मिनिस्टरों के सामने जो भाषण हुआ, वह बहुत महत्वपूर्ण है।

"We still do not teach enough about our freedom struggle, about what India has been, what it has gone through and how it has met its many challenges. Only that background can give us the courage and the determination to meet the future challenges."

